# University in News on 26 April 2024

## LOKSTAYA PAGE 3

### कुलपति ने छात्र-छात्राओं से खेलों पर चर्चा की

लखनऊ लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने छात्र-छात्राओं से खेलों पर चर्चा की। इस दौरान प्रति कुलपति प्रो अरविंद अवस्थी और प्रो संगीता साहू डीन छात्र कल्याण भी मौजूद थीं। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो रुपेश कुमार व शिक्षकों ने उनका स्वागत किया। कुलपति ने बीपीएड - एम.पी.एड के छात्र- छात्राओं से मुलाक़ात कर अनेक प्रकार के खेलों पर चर्चा की। कुलपति महोदय ने छात्रो से कहा अपने आप किसी 5 प्रकार के खेलों का चयन करें और उन्हीं खेलों को विकसित करें। छात्रों को कुलपति का यह सुझाव अच्छा लगा।

## JAGRAN CITY PAGE III

### अब 264 केंद्रों पर होगी सम सेमेस्टर परीक्षाएं

जासं • लखनऊ : लवि ने गुरुवार को स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए फाइनल केंद्रों की सूची जारी कर दी है। प्रस्तावित सूची में लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी व हरदोई मिलाकर 246 केंद्र और 22 नोडल केंद्र शामिल थे। अब फाइनल में 18 केंद्र बढ़ाते हुए इनकी संख्या बढ़कर 264 पहुंच गई। छात्र-छात्राएं लवि की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से अपना परीक्षा केंद्र देख सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि 21 अप्रैल को केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी कर 23 अप्रैल तक सुझाव मांगे गए थे। कालेजों की ओर से आए सुझाव को नियमानुसार देखते हुए केंद्रों की फाइनल सूची जारी की गई है। स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए तीन लाख से अधिक परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। सभी के प्रवेश पत्र और निर्देश जल्द ही जारी कर दिए जाएंगे।

### पांच खेलों का चयन करें विद्यार्थी : प्रो. आलोक राय

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में गुरुवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने दौरा किया। उन्होंने बी.पी.एड और एम.पी.एड के सभी छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर अनेक प्रकार के खेलों पर चर्चा की। कुलपति ने छात्रों से कहा कि विद्यार्थी किसी प्रकार के खेलों का चयन करें और उन्हीं खेलों को विकसित करें। छात्रों को कुलपति का यह सुझाव अच्छा लगा। कुलपति ने एम.पी.एड फाइनल ईयर के छात्रों से मुलाकात करते हुए उनके रोजगार के विषय में भी बात की। उन्होंने विभाग के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों से भी मुलाकात की। इस दौरान छात्रों ने अपनी समस्या भी कुलपति को बताई।

### लवि : द्वितीय परिसर में गेट नंबर दो हुआ बंद

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में गेट नंबर दो का निर्माण शुरू होने की वजह से गुरुवार को अग्रिम सूचना तक आवागमन बंद कर दिया गया है। अब निर्माण अवधि तक आवागमन के लिए मुख्य गेट नंबर एक का प्रयोग करना होगा। एडिशनल चीफ प्राक्टर प्रो. मोहम्मद अहमद ने इसकी सूचना जारी की है। (जासं)

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लविवि कुलपति ने शारीरिक शिक्षा विभाग का जाना हाल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शारीरिक शिक्षा विभाग का निरीक्षण किया। कुलपति ने एमपीएड अंतिम वर्ष के छात्रों से रोजगार के विषय में जानकारी ली। इस दौरान विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार और विभाग के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निर्माण के चलते बंद होगा लविवि का गेट नंबर 2

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में गेट नंबर दो का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। एडिशनल प्रॉक्टर इंचार्ज प्रो. मोहम्मद अहमद बताते हैं कि निर्माण कार्य के कारण गेट नंबर दो शुक्रवार से बंद किया जा रहा है। जब तक कार्य चलता रहेगा, गेट बंद रहेगा। ऐसे में आवागमन को लेकर गेट नंबर एक उपयोग करने के लिए कहा गया है।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### इंस्टीट्यूट ऑफ फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलॉजी में दो छात्रों का हुआ प्लेसमेंट





लखनऊ। लविवि के इंस्टीट्यूट ऑफ फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलॉजी में दो छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। ऋषि कुमार और अश्विन यादव का चयन न्यू टेस्ट फूड एंड ड्रिंक लैब प्रा. लि. गुरुग्राम में पहले 6 महीने के लिए 12 हजार प्रतिमाह पर प्रशिक्षण पर रखा जाएगा। इन छात्रो को एकोमोडेशन, फुडिंग लॉजिंग, सिक लीव के साथ सारा ट्रांसपोर्ट खर्च भी कंपनी वहाँ करेगी। संतोषजनक ट्रेनिंग के बाद इन्हें ऊचे सैलरी पैकेज पर ( 6 लाख एलपीए अनुमानित ) पर रखा जाएगा। प्लेसमेण्ट निदेशिका डॉ मधुरिमा लाल ने बताया कि हालाँकि कम पैकेज देने वाली कम्पनीज को अब हम नहीं बुलाते पर इनके ट्रेनिंग स्टायपेंड के साथ तमाम सुविधा इतनी है जो एक संतोषजनक पैकेज का लाभ दे रहा है साथ में बच्चों की ट्रेनिंग भी। ट्रेनिंग के बाद इन्हें बड़े पैकेजेज पर कंटिन्यू कर दिया जाएगा, इसलिए ये अति उत्तम जॉब ऑफर है। वैसे भी फूड टेक्नोलॉजी में प्लेसमेंट मिलना एक गर्व का विषय है। इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉ एन के सिंह ने छात्रों की जॉइनिंग की समस्त तैयारियाँ कर ली है।